





राजधानी की गुफा मंदिर से बुधवार को अमरनाथ यात्रा के लिए संतों का जाता रवाना हुआ तथा इस अवसर पर बिरला मंदिर में भक्तों ने श्री लक्ष्मीनारायण भगवान के दर्शन किए। वहीं, न्यू मार्केट स्थित माता मंदिर में भक्तों ने संपूर्ण वर्ष की सुख-समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना की।

डीजीपी ने भारतीय पुलिस सेवा के पदोन्नत अधिकारियों को लगाई रैंक, कहा-

# आपका कार्य व्यवहार बनेगा अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणास्रोत



भोपाल (काप्र)।

**मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के बाद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। इसी अनुक्रम में बुधवार को पुलिस मुख्यालय, भोपाल में डीजीपी कैलाश मकवाणा ने पदोन्नत अधिकारियों को रैंक लगाई।**

इस दौरान डीजीपी श्री मकवाणा ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि यह पदोन्नति आपकी समर्पित और निष्ठापूर्ण सेवा का प्रतिफल है। प्रदेश में कानून एवं शांति व्यवस्था बरकरार रखने में आपने उत्कृष्ट कार्य किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी आप प्रदेश की प्रगति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय देंगे। आप अपनी कार्यप्रणाली को ऐसा रखें कि वह अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बने। उन्होंने कहा कि समय पर पदोन्नति प्रदान की जाना सदैव सरकार की प्राथमिकता रही है, इसका परिपालन करते हुए पुलिस अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। डीजीपी श्री मकवाणा ने पुलिस मुख्यालय में डीआईजी विजय कुमार खत्री और डीआईजी राकेश कुमार सिंह को रैंक लगाई।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग द्वारा 31 दिसंबर 2024 को जारी आदेशानुसार 1 जनवरी 2024 से भारतीय पुलिस सेवा (मध्यप्रदेश कैडर) के 09 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। इनमें संतोष कुमार सिंह को आईजी से एडीजी पद पर पदोन्नत किया गया है। सचिन अतुलकर, कुमार सौरभ, श्रीमती कृष्णावेणी देसावतु और जगत सिंह राजपूत को डीआईजी से आईजी के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार विजय कुमार खत्री, विनित कुमार जैन, मनोज कुमार सिंह और राकेश कुमार सिंह को डीआईजी के पद पर पदोन्नत किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने किया ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारंभ

# प्रधानमंत्री मोदी भी चाहते हैं सुशासन के लिए डिजिटाइजेशन बढ़ेः डॉ.यादव

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सुशासन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश सरकार निरंतर अपनी सभी व्यवस्थाओं को ऑनलाईन करना चाहती है। डिजिटाइजेशन के माध्यम से सभी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने, विभागों का समन्वय बढ़ाने और जन कल्याण की गति तेज करने में आसानी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी डिजिटाइजेशन के अभियान को आज के युग में पारदर्शिता की दृष्टि से और कार्यों की तत्परता की दृष्टि से आवश्यक मानते हैं। यह सुशासन की दिशा में एक ठोस कदम है।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से ई-ऑफिस क्रियान्वयन प्रणाली का शुभारंभ करते हुए कहा कि अनेक जन हितैषी कार्यक्रमों, गरीब, महिला, किसान और युवा वर्ग के कल्याण को फोकस करते हुए मध्यप्रदेश सरकार डिजिटाइजेशन के माध्यम से आगे बढ़ना चाहती है। मुख्यमंत्री कार्यालय सहित मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भी मुख्य सचिव कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली में कार्य प्रारंभ कर दिया है। मुख्यमंत्री ने आशा की कि आम जनता को ई-ऑफिस से राहत मिलेगी। विभिन्न विभागों द्वारा 1 जनवरी 2025 से समस्त नस्तियों को ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे विभागों के कार्य प्रचलित नस्तियों के स्थान पर ही ई-ऑफिस के माध्यम से होंगे। इसके लिए विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया गया है। इस प्रणाली का शीघ्र ही समस्त विभागों द्वारा क्रियान्वयन हो, इस उद्देश्य से विभाग प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। डॉ. यादव ने ई-ऑफिस प्रणाली की शुरूआत के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों और अमले को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। ई-ऑफिस प्रणाली के शुभारंभ अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### चौरागढ़ में बड़े महादेव के दर्शन किए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2025 के आगमन के अवसर पर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में बड़े महादेव का दर्शन एवं पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पत्नी श्रीमती सीमा यादव साथ थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महादेव से प्रदेशवासियों पर कृपा बरसाने और सबके सुख, समृद्धि एवं शांति के लिए मंगल कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतपुड़ा पर्वत की चौरागढ़ पहाड़ी पर विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में बड़ा महादेव गुफा मंदिर में स्थित गुफाएं काफी प्राचीन हैं और पर्यटन की दृष्टि से आकर्षण का केंद्र हैं। यहां स्थित मंदिर के बारे में अनेक पौराणिक कथाओं में वर्णन मिलता है।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### प्रदेश में कड़ाके की...

है। जिसके चलते सड़क में वाहन चलाने में भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने नीमच, मंदसौर, राजगढ़, रायसेन, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, जबलपुर, रीवा में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। कड़ाके की पड़ रही ठंड के बीच लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। शीतलहर से ठिठुरन पैदा हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर में तापमान 13.2 डिग्री, जबलपुर में 13.5 डिग्री और ग्वालियर में 11.1 डिग्री रहा। जबकि टीकमगढ़ और नौगांव में 18 डिग्री, सीधी और रीवा में अधिकतम तापमान 19 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं नीमच प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, यहां न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री दर्ज किया गया।

### जो कहते हैं उससे ....

हुए। दूसरी तरफ, एक विचित्र संवैधानिक उदाहरण भी 2024 में देश ने देखा। जब जेल से रहकर किसी मुख्यमंत्री ने सरकार को चलाया। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि केजरीवाल जी पर आरोप लगा और उन्हें जेल जाना पड़ा। हालांकि केजरीवाल जी जेल जाने वाले पहले मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसके पहले भी हेमंत सोरेन जी, मधुकोड़ा जी, लालू प्रसाद यादव जी, जयललिता जी, करूणानिधि जी... ये सब भी पद पर रहते हुए जेल गए। परंतु लालू प्रसाद यादव ने इतनी मर्यादा रखी थी कि उन्होंने पद छोड़ दिया था। लेकिन 2024 एक ऐसा विस्मयकारी और विचित्र उदाहरण देश को देखने को मिला कि जिन्होंने (केजरीवाल ने) जेल जाने के बाद भी मुख्यमंत्री का पद नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस विचार के साथ राजनीति में आई थी कि वह नई राजनीति ला रहे हैं। उस समय की राजनीति में सभी राजनीतिक दलों के बीच सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता का संकट था। आम जनता के बीच यह धारणा बन गई थी कि राजनेता जो कहते हैं, उसका पालन नहीं करते। पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने इस धारणा को बदला और राजनीति में विश्वसनीयता स्थापित की। दूसरी ओर, आप इसके विपरीत चरमपंथ का प्रतिनिधित्व करती है, जहां वे हमेशा अपने वादों को पूरा करने में विफल रहते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ये हैरानी की बात है कि इतने विविधतापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप, इतने कम कालखंड में किसी राजनीतिक पार्टी पर नहीं लगे होंगे, जिसका उदाहरण आम आदमी पार्टी ने प्रस्तुत किया है।

### मंदिर तोड़ने वाले ....

धार्मिक समिति है जो मंदिरों को स्थानांतरित करने या उनके विध्वंस पर निर्णय लेती है। उन्होंने कहा कि यह दिल्ली सरकार के गृह मंत्री के अधीन आती थी। पिछले साल तक इस समिति के सभी फैसले पहले गृह मंत्री के सामने रखे जाते थे और उनकी मंजूरी के बाद ही कोई कार्रवाई की जाती थी। लेकिन पिछले साल दिल्ली एलजी ने आदेश दिया कि किसी भी धार्मिक स्थल को गिराना कानून व्यवस्था का मुद्दा है और इसलिए यह दिल्ली एलजी के अंतर्गत आता है और इसलिए दिल्ली के सीएम या गृह मंत्री का इससे कोई लेना-देना नहीं है।मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अब धार्मिक समिति सीधे दिल्ली एलजी के अधीन है। समिति के अध्यक्ष गृह विभाग के प्रधान सचिव होते हैं और वह समिति के सुझावों को मंजूरी के लिए सीधे दिल्ली एलजी के पास भेजते हैं। 22 नवंबर को धार्मिक समिति की बैठक हुई थी। कल एलजी ऑफिस ने मीडिया को बताया कि मंदिरों को तोड़ने का कोई आदेश नहीं है। लेकिन ये झूठ है। दिल्ली एलजी ने इसे मंजूरी दे दी है और अब डीएम और एसडीएम इन मंदिरों को तोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उपराज्यपाल सक्सेना को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि 'धार्मिक समिति' ने 22 नवंबर को एक बैठक में राष्ट्रीय राजधानी में धार्मिक संरचनाओं को ढहाने का आदेश दिया है।

### जैश के आतंकियों को ....

गया और बाद में उसे कठुआ जिला जेल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि कुमार की कुख्यात आपराधिक गतिविधियों ने क्षेत्र में सार्वजनिक शांति और सौहार्द के लिए गंभीर खतरा पैदा किया है। प्रवक्ता ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए तथा समाज से मादक पदार्थ की बुराई को समाप्त करने के लिए जम्मू में पुलिस ने वांछित मादक पदार्थ तस्कर विशाल कटारिया उर्फ कन्नू के खिलाफ पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे पुंछ जिला जेल भेज दिया। उन्होंने कहा कि मीरां साहिब निवासी कटारिया पर जम्मू संभागीय आयुक्त से औपचारिक हिरासत आदेश प्राप्त करने के बाद पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

### चलाएं सड़क सुरक्षा

जाएं जिससे लोगों को आवागमन में भी सहूलियत हो सके। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग कतई बर्दाश्त नहीं है। इसे स्टार्टिंग पॉइंट पर ही रोका जाए। एक्सप्रेस और हाइवे पर लोडेड वाहन भी खड़े रहते हैं, जो दुर्घटना का कारण बनते हैं। इन वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटवाया जाए। हेलमेट, सीट बेल्ट तथा सड़क सुरक्षा के अन्य मानकों को अपनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाकर प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी वाहन का बार-बार चालान होने पर लाइसेंस/परमिट निरस्तीकरण आदि की कार्रवाई की जानी चाहिए। इस कार्रवाई को अनिवार्य रूप से फास्टैग से जोड़ा जाए। सूचना, परिवहन व सड़क सुरक्षा से जुड़े विभागों की तरफ से अपील करने वाली होर्डिंग लगाई जाए। इसे सभी 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 1,500 थानों और सभी नगर निकायों के बाहर भी लगाया जाए।

## नौ रंगों से जगमग हुआ करुणाधाम



**भोपाल।** नए साल के अवसर पर करुणाधाम आश्रम में माता महालक्ष्मी के दर्शन के लिए भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। साथ ही माता महालक्ष्मी का विशेष श्रृंगार कर सुंदरकांड तथा पौधरोपण कार्यक्रम और महाआरती का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आश्रम में माता महालक्ष्मी, विघ्नहर्ता श्री गणेश और संकट मोचन हनुमान के दर्शन किए।

### सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन का विरोध प्रदर्शन आज

**भोपाल।** स्थाई भर्ती, ईएल नगदीकरण, नई इंसेंटिव स्कीम, नाइट एलाउंस रिवीजन, लैपटॉप प्रतिपूर्ति प्रारंभ करने एवं ठेका श्रमिकों के लिए नया पुनरीक्षित वेतन लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर भेल में सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) गुरुवार को विरोध प्रदर्शन करेगी। इस दौरान भेल के गेट नंबर-5 पर द्वार सभा की जाएगी और श्रमिक नारेबाजी करेंगे। यूनियन के कार्यकारी महासचिव दीपक गुप्ता ने कहा कि भेल प्रबंधन कर्मचारियों की ज्वलंत मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है। मध्य प्रदेश सरकार ने अब तक ठेका श्रमिकों का बढ़ा हुआ वेतन लागू नहीं किया है।

# सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज का एक्सीलेंस अवार्ड रद्द

दस लाख घूस लेने के आरोप में हुई थी गिरफ्तारी

भोपाल (काप्र)।

**सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज के रिश्वत लेने के आरोपों का खुलासा होने के बाद पदक वापस लिया गया। सीबीआई की टीम ने इस साल मई में राहुल राज को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा था।**

सीबीआई अधिकारियों ने रिश्वत देने वाले भोपाल के मलय कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन अनिल भास्करन, प्रिंसिपल सुमा भास्करन और एक दलाल सचिन जैन को भी गिरफ्तार किया था। सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज को 2023 में होम मिनिस्ट्री की तरफ से जांच में उत्कृष्टता के लिए पदक दिया गया था। राज पर मध्य प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की निरीक्षण रिपोर्ट में हेराफेरी करने के एवज में रिश्वत लेने का आरोप है। आरोपों का खुलासा होने के बाद ही उनसे पदक वापस लेने का फैसला किया गया। इस साल मई में नर्सिंग कॉलेज घोटाले मामले में सीबीआई की दिल्ली टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के अलग अलग शहरों में छापेमारी की। इस दौरान सीबीआई की टीम ने राहुल राज समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया था। टीम ने राहुल राज को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। सीबीआई अधिकारियों ने रिश्वत देने वाले भोपाल के मलय कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन अनिल भास्करन, प्रिंसिपल सुमा भास्करन और एक दलाल सचिन जैन को भी गिरफ्तार किया था। रिश्वत लेने के आरोपों के बाद सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज को बर्खास्त कर दिया गया था।

### 2022 में सीबीआई ने शुरू की थी मामले की जांच

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर अक्टूबर 2022 में सीबीआई ने नर्सिंग कॉलेजों में हुई अनियमितताओं की शिकायत के बाद जांच शुरू की थी। नर्सिंग घोटाला व्यापमं घोटाले के बाद यह दूसरा बड़ा घोटाला है। हाईकोर्ट की जबलपुर बेंच द्वारा इस मामले को केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को सौंप दिया गया था। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर अक्टूबर 2022 में सीबीआई ने इस मामले की जांच शुरू की थी।

स्पेशल खबर भजन-कीर्तन से आरंभ हुआ नववर्ष....

# संत हिरदाराम नगर में सांई बाबा निकले भ्रमण के लिए



भोपाल (हिनप्र)।

**संतनगर में नए वर्ष का स्वागत में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भगवान की पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन हुए।**

श्री झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट के झूलेलाल मंदिर, एच वार्ड में झूलेलालजी की पूजा अर्चना, भजन कीर्तन हुए। सिंधी समाज ने नूतन वर्ष के अभिनंदन कर सभी की खुशहाली की कामना की। प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। ट्रस्ट के दिनेश वाधवानी ने सभी को नए वर्ष की बधाई दी। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, वासुदेव वाधवानी, मंगाराम, पुरूषोतम हरचंदानी, अशोक मारण, माधवदास पारदासानी, नारायणदास लालवानी, राज मनवानी, सुरेश जसवानी, अर्जुनदास लालवानी शाामिल हुए। इसके अलावा भजन गायक कमल खत्री, भगवानदास आहूजा, हीरो फैंस क्लब, भोले भाले का दरबार के अध्यक्ष हीरो हिन्दू, नानक दादलानी, प्रभुदास मूलचंदानी, अशोक तनवानी, मधु घनश्यानी, प्रवीण होतवानी, रवि लालवानी ललित सबनानी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सांई बाबा निकले नगर भ्रमण पर



सांई सेवा समिति ने नए साल के पहले दिन बुधवार यानी एक जनवरी को संतनगर में सांई बाबा की पालकी निकाली। 11 साल पहले साल के पहले दिन सांई बाबा की पालकी की शुरूआत हुई थी। पालकी की शुरूअता माता मंदिर सीहोर नाका से सांई बाबा पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण को निकले। पालकी के आगे विशिष्ठजन एवं सांई के भक्त भजनों पर नाचते हुए चल रहे थे। संत कंवरराम चौराहा, आरा मशीन रोड से होती हुई पालकी माता मंदिर पहुंची, जहां प्रसादी वितरण किया गया। पालकी में कृष्णा सिंह, शंकर मालवानी, महेश चन्द्र त्रिपाठीपार्षद अशोक मारण, भाजपा उपाध्यक्ष राम बसंल, भाजपा नेता विकास मारण हीरो इसरानी व बड़ी संख्या में सांई भक्त शामिल हुए।